# Virendra Kumar Singh Krishi Vigyan Kendra

**Dhaura, (Mohan-Malihabad Road) Unnao-209881 (U.P.)**
**Governed by Kumwar Ram Bux Singh Educational Society,**
**Hasanganj, Unnao-209841 (U.P.)**

Issuing Date: ……………………..
Closing Date: ……………………….
kvk website: https://unnao.kvk4.in/

Applications are invited for the post of **Programme Assistant** (**Lab Technician)/T4 and Farm Manager/T-4 for** Virendra Kumar Singh Krishi Vigyan Kendra, Unnao, U.P. (ICAR Funded). The detailed advertisement, eligibility, instructions and procedure to fill application for the above advertisement can be seen in the vacancy circular at the kvk website: https://unnao.kvk4.in/

| S.N. | Name of the Post | Total No of Post | Category |
|---|---|---|---|
| 1 | Programme Assistant (Lab Technician)/T-4 | 01 | UR |
| 2 | Farm Manager/T-4 | 01 | UR |

**DETAILS OF THE KVK POSITIONS ADVERTISED ARE AS UNDER:**

| S.N. | Name of the Post | Pay Scale | Essential Qualification |
|---|---|---|---|
| 1 | Programme Assistant (Lab Technician)/ T-4 | Rs. 35,400 - Rs. 1,12,400/- (Level 6), as per 7th CPC Pay matrix Pre Revised (Pay Band - 2, Rs. 9300 – 34800 + Grade Pay 4200/-) | Bachelor's Degree in Agriculture/Horticulture/Agriculture Business Management or any other branch of Science/Social Science relevant to agriculture or equivalent qualification from a recognized University. **Desireable:** Agriculture Business Management (ABM) with working Computer Knowledge. |
| 2 | Farm Manager/T-4 | Rs. 35,400 - Rs. 1,12,400/- (Level 6), as per 7th CPC Pay matrix Pre Revised (Pay Band - 2, Rs. 9300 – 34800 + Grade Pay 4200/-) | Bachelor's Degree in Agriculture or any other branch of science/social science relevant to agriculture or equivalent qualification from a recognized University. |

**General Instructions for the Candidates:**

1. The candidate must be a citizen of India.
2. Local language is preferable.
3. The staff recruited in the KVK's posts shall have pay scale/ allowances as allowed by ICAR. These positions are 100% funded by ICAR and all expenditure for these positions will be borne by ICAR fund.
4. The staff recruited at KVK's will neither be engaged nor transferred elsewhere.
5. The pay scale and other service benefits will be permitted by ICAR.
6. Posts are temporary and are likely to continue so long as sanction of the scheme continuance is available from ICAR. In case of the closure of KVKs, their services shall be terminated automatically and after the termination of the scheme, the Kunwar Ram Bux Singh Educational Society, Hasangaj, Unnao will not absorb the candidate in any capacity.

7. The KVK reserves the right to increase/decrease or withdraw the number of any advertised post(s) under any category at any time without assigning any reason thereof.
8. Having fulfilled the essential qualifications will not entitle an applicant to be called for the selection.
9. All applicants must fulfill the essential requirement of the post and other conditions stipulated in the advertisement. They are advised to satisfy themselves, before applying, that they possess at least the essential qualifications laid down for various posts. No enquiry asking for advice as to eligibility will be entertained.

**10. HOW TO APPLY:**

a) There is no fee for above post.

b) Interested and eligible candidates have to submit duly filled fresh application form available on Krishi Vigyan Kendra, Unnao website https://unnao.kvk4.in/ in prescribed format along with essential and supporting documents, through registered post/speed post only to **"In-charge, V.K.S. Krishi Vigyan Kendra, Dhaura (Mohan Malihabad Road), Unnao-209881 (U.P.)**". The KVK will not entertain applications received after closing date.

c) Envelop carrying application form should be clearly mentioned and underlined with, "Application Form for the post of "……………………………………….." on the top right hand corner as per candidate is applying for the post.

d) Persons already in employment (In Service Candidate) should apply, "Through Proper Channel". Their Application through proper channel must reach before closing date.

**11. Prescribe Age Limit should be restricted to closing date of application:** For the posts of Programme Assistant (Lab Technician)/T4 & Farm Manager/T4, the age of the applicants shall be minimum 18 years, maximum 30 years. (Relaxation of age in case of SC/ST/OBC/PH candidates as per Government of India norms.) Age will be calculated from closing date of advertisement.

**12. Selection Procedure:**

a) Selection will be made on the basis of Written Examination Score.

b) The shortlisting is based on criteria fixed by the Competent Authority. In the first instance, all the candidates who fulfil minimum eligibility in respect of age, educational qualifications and experience (wherever required) will be short-listed. The Krishi Vigyan Kendra further shortlists the candidates on the basis of written examination as follows:

**Details of Written Exam for the posts of Programme Assistant (Lab Technician)/T4 & Farm Manager/T4 (time 2 hrs and maximum 450 marks)**

| S. N. | Unit | Syllabus | No. of Questions | Total/Maximum marks |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Subject Related Matter | Objective questions of concerned subject as per qualification given in the Advertisement (Undergraduate level) | 100 | 300 |
| 2 | General Knowledge, Reasoning & Language | Objective questions of concerned subject as per qualification given in the Advertisement (Undergraduate level) | 50 | 150 |
| | **Total** | | **150** | **450** |

**Note:**

1. Each question will be of 3.0 marks for correct answer and 1.0 mark will be deducted for each wrong answer from total score.
2. If two or more candidates secured the similar ranks/marks in written examination, the priority for selection will be decided on the basis of their date of birth.
3. Selection will be made on Final Merit list based on score of written examination.

**13.** At the time of written examination, if a candidate is (or has been) found guilty of:-

a) Using unfair means during the examination; or

b) Impersonating or procuring impersonation by any person; or

c) Misbehaving in the examination hall or taking away the question booklet or any part thereof/answer sheet from the examination hall; or

d) Resorting to any irregular of improper means in connection with his/her candidature for selection.

**14.** Obtaining support of his/her candidature by any unfair means, such a candidate may, in addition to rendering himself/herself liable to criminal prosecution, be liable:-

a. To be disqualified from the examination for which he/she is a candidate.

b. To be debarred either permanently or for a specified period, from any examination or recruitment conducted by Krishi Vigyan Kendra, Unnao.

c. For termination of service, if he/she already is in service.

**15.** The information related to date of written examination will be published on KVK website https://unnao.kvk4.in/. Applicants are advised to check the KVK website regularly for information.

**16.** The information uploaded on the KVK website shall not be provided to the candidate under RTI Act, 2005. The uploaded information on the KVK website shall remain for a specific period only. Therefore, the candidates are advised to download the information and keep them for future reference. In midway of recruitment process neither any application under RTI Act, 2005 shall be entertained nor shall any information be provided. Factual information under RTI Act shall be provided only after declaration of final result. Reply of inferential (speculative) question shall not be provided.

**17.** Acceptance of documents submitted by an applicant shall be subjected to verification by the competent authority. If any documents are found to be false/ fake/incorrect/malafide either before or after appointment, the document shall be summarily rejected and action may be initiated against the candidate which may lead to cancellation of his/her appointment, as the case may be.

**18.** The appointment of a candidate shall be subjected to verification of character and antecedents and caste certificate by the competent authority. Until the verification report of character and antecedents and caste certificate is received, the appointment shall be treated as provisional. In case the report regards his/her conducts, character and antecedents, caste certificate *etc.*, are found to be unsatisfactory or fails, the appointment shall be cancelled/ terminated forthwith.

**19.** The service conditions and age of superannuation shall be as per ICAR guidelines, as applicable

**20.** In case of any inadvertent mistake in the process of selection, which may be detected at any stage even after issue of the appointment letter, the KVK reserves the right to modify/withdraw/cancel any communication made to the candidates

**21.** The applicants serving in Government/Semi-Government organizations/Public Sector Undertakings/Autonomous Bodies must bring 'No Objection Certificate (NOC)' from their present employer at the time of Verification of Documents, failing which their candidature/selection may stand cancelled.

**22.** Canvassing in any form may lead to cancellation of candidature.

**23.** Any ambiguity or lack of clarity with regard to any clause or rules, the decision of the Society/KVK shall be final.

**24.** The Society/KVK will not be responsible for loss of e-mail sent due to invalid wrong e-mail ID provided by the candidate or for delay/ non-receipt of any information, if a candidate fails to access his/her email/website in time.

**25.** Applicants should clearly note that the KVK will, on no case be responsible for non-submission of their application or any delay in receipt thereof on any account. Applications after the last date will not be accepted.

**26.** Original certificate of academic qualifications, certificates of experience, *etc.* have to be produced at the time of joining in case of selection.

**27.** A candidate must be in sound health. He/she must be prepared to undergo such medical examination and satisfy such medical authority as required.

**28.** The following categories of persons shall not be eligible to apply for any position in the KVK:

I. Who has been convicted by any Court of Law of any criminal proceedings is pending against her/him.

II. Who is not a citizen of India.

III. Any other category of person disqualified for appointment by the Government, DARE/ ICAR, University *etc.* from time to time.

**29.** The last date for receiving the applications in the KVK Unnao office is…………………… (at 05:00 PM)

**30.** Corrigendum or Addendum or Cancellation to this advertisement, if any, shall be published only on the Krishi Vigyan Kendra, Unnao website https://unnao.kvk4.in/ and it will not be published in the newspaper. Therefore, candidates are advised to check the kvk website regularly.

**31.** No TA/DA shall be paid to the candidates for attending the written/skill test.

**32.** Following documents should be attached with the Application form:

(i) One latest colored passport size, self attested photograph, should be pasted on the application form.

(ii) Medical fitness certificate. (as per Annexure I)

(iii) Certification from Personnel Office (for in-service candidate). (as per Annexure II)

(iv) Reservation Certificate (if applicable).

(v) Self attested copies of certificates of essential qualifications including Testimonials, transcripts, certificates, degrees *etc.*

(vi) Other supporting documents.

**33.** Documents to be brought at the time of verification:

(i) All original certificates/ documents/ testimonials of educational qualifications and other document mentioned/ and one set of self-attested copies of all these certificates/ documents/testimonials.

(ii) Certificate for the candidates belong to ST/SC/OBC/EWS *etc.* category issued by the competent authority.

(iii) "No Objection Certificate (NOC)" from their present employer, in case of candidates who are in service.

**34.** An application form will be summarily rejected in the following events:

a. If a candidate makes more than one application form for a particular post.
b. If the application is not in the prescribed format.
c. If the application is unsigned/incomplete.
d. If the experience certificate is without detail of salary per month received.
e. If the application form is received in the KVK, Unnao after the closing date.
f. If a candidate does not possess the requisite academic qualifications on the closing date.
g. If the candidate is under age/over age on the closing date.

**35.** Fake Institutions: Candidates, who have obtained degree or diplomas or certificates for various courses from any institutions declared fake by the University Grants Commission, New Delhi shall not be eligible for being considered for recruitment to the advertised posts.

**Abbreviations:** SC = Scheduled Caste, ST= Scheduled Tribe, OBC = Other Backward Classes, EWS= Economically Weaker Section, UR = Unreserved, KVK= Krishi Vigyan Kendra, PH= Physically Handicapped, TA=Travelling Allowance, DA=Deaness Allowance, ICAR=Indian Council of Agriculture Research, DARE=Department of Agruculture, Research and Education.

In-charge V.K.S. Krishi Vigyan Kendra
Dhaura, Unnao (U.P.)

# भाकृअनुप–वीरेन्द्र कुमार सिंह कृषि विज्ञान केन्द्र

## धौरा, (मोहान मलिहाबाद मार्ग) उन्नाव (उ0 प्र0) 209881

### संचालित कुँवर राम बक्श सिंह एजूकेशनल सोसाइटी,
### हसनगंज, उन्नाव (उत्तर प्रदेश)–209841

जारी होने की तिथि :...........................................

अन्तिम तिथि :...................................................

के0वी0के0 वेवसाइट : https://unnao.kvk4.in/

कुँवर राम बक्श सिंह एजूकेशनल सोसाइटी, हसनगंज, उन्नाव द्वारा संचालित वीरेन्द्र कुमार सिंह कृषि विज्ञान केन्द्र, धौरा, उन्नाव (भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा वित्तपोषित) के लिए T-4 श्रेणी के अन्तर्गत **कार्यक्रम सहायक (Lab Technician) एवं प्रक्षेत्र प्रबन्धक (Farm Manager)/** T-4 के पदों के लिए योग्य अभ्यर्थियों हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते है। विस्तृत विज्ञापन कृषि विज्ञान केन्द्र की वेवसाइट https://unnao.kvk4.in/ पर विज्ञापन परिपत्र में देखा जा सकता है।

| क्र. स. | पद का नाम | कुल पद संख्या | श्रेणी |
|---|---|---|---|
| 1 | कार्यक्रम सहायक (Programme Assistant/ Lab Technician) /T-4 | 01 | अनारक्षित |
| 2 | प्रक्षेत्र प्रबन्धक (Farm Manager) /T-4 | 01 | अनारक्षित |

**विज्ञापित पदों का विवरण इस प्रकार है :–**

| क्र. स. | पद का नाम | वेतनमान | आवश्यक/वांछनीय योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1 | कार्यक्रम सहायक Programme Assistant (Lab Technician) /T-4 | रू0 35,400/– रू0 1,12,400/–(लेवल 6) सांतवे वेतनमान के अनुसार पूर्व संशोधित वेतनमान (पे बैंड़–2, रू0 9300–34800+ग्रेड पे 4200/–) | कृषि/उद्यान विज्ञान/एग्री बिजनेस मैनेजमेंट में स्नातक की डिग्री अथवा विज्ञान की किसी अन्य शाखा/सामाजिक विज्ञान जो कृषि से सम्बन्धित हो अथवा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से समकक्ष योग्यता<br>**वांछित योग्यता :** एग्री बिजनेस मैनेजमेंट के साथ कम्प्यूटर का ज्ञान। |
| 2 | प्रक्षेत्र प्रबन्धक (Farm Manager) /T-4 | रू0 35,400/– रू0 1,12,400/–(लेवल 6) सांतवे वेतनमान के अनुसार पूर्व संशोधित वेतनमान (पे बैंड़–2, रू0 9300–34800+ग्रेड पे 4200/–) | कृषि में स्नातक की डिग्री अथवा विज्ञान की किसी अन्य शाखा/सामाजिक विज्ञान जो कृषि से सम्बन्धित हो अथवा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से समकक्ष योग्यता |

**आवेदन करने की क्रमवार विधि तथा आवश्यक दिशा निर्देश और चयन प्रक्रिया :–**

1. आवेदक भारत का नागरिक होना चाहिए।
2. स्थानीय भाषा का ज्ञान होना चाहिए।
3. केवीके के पदों पर भर्ती किए गए कार्मिकों को भाकृअनुप (ICAR) द्वारा अनुमन्य वेतनमान व भत्ते देय होंगे। ये पद शत्त प्रतिशत (100%) भाकृअनुप (ICAR) द्वारा वित्त पोषित हैं और इन पदों के लिए सभी व्यय भाकृअनुप (ICAR) की निधि से वहन किए जायेंगें।
4. कृषि विज्ञान केन्द्र के पदों पर भर्ती किए गए कार्मिकों को कृषि विज्ञान केन्द्र के अलावा अन्य कहीं न तो लगाया जाएगा और न ही स्थानांतरित किया जाएगा।
5. भाकृअनुप (ICAR) द्वारा वेतनमान और अन्य सेवा लाभों की अनुमति दी जाएगी।

6. केवीके के पद पूर्णतयः अस्थायी हैं और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली (ICAR) के द्वारा योजना की निरंतरता की स्वीकृति के अनुसार ही उपलब्धता तक जारी रहेंगे। कृषि विज्ञान केन्द्र के बंद होने की स्थिति में, उनकी सेवाएं स्वतः समाप्त हो जाएंगी और योजना की समाप्ति के बाद, कुँवर राम बक्श सिंह एजूकेशनल सोसाइटी, हसनगंज, उन्नाव किसी भी स्थिति में उम्मीदवार को शामिल (Absorb) नहीं करेगा।
7. कृषि विज्ञान केन्द्र बिना कोई कारण बताए किसी भी समय किसी भी श्रेणी के तहत विज्ञापित पदों की संख्या बढ़ाने–घटाने या वापस लेने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
8. आवश्यक योग्यताएं पूरी करने मात्र से आवेदक चयन के लिए बुलाए जाने का हकदार नहीं होगा।
9. सभी आवेदकों को विज्ञापन में निर्धारित पद की अनिवार्य योग्यता और अन्य शर्तों को पूरा करना होगा। उन्हें सलाह दी जाती है कि वे आवेदन करने से पहले स्वयं को संतुष्ट कर लें कि वे विभिन्न पदों के लिए निर्धारित आवश्यक योग्यता रखते हैं। योग्यता के बारे में सलाह मांगने वाली किसी पूछताछ पर विचार नहीं किया जाएगा।

**10. आवेदन प्रक्रिया सम्बन्धित निर्देशः**

a) उक्त पद हेतु किसी भी प्रकार का आवेदन शुल्क देय नहीं होगा।
b) इच्छुक और पात्र उम्मीदवारों को विधिवत भरे हुए नए आवेदन पत्र को निर्धारित प्रारूप में जो कि कृषि विज्ञान केन्द्र की website: https://unnao.kvk4.in पर उपलब्ध है, आवश्यक एवं सहायक स्वप्रमाणित दस्तावेजों के साथ पंजीकृत डाक के माध्यम से केवल **प्रभारी, वीरेन्द्र कुमार सिंह कृषि विज्ञान केन्द्र, धौरा (मोहान मलिहाबाद मार्ग), उन्नाव–209881 उत्तर प्रदेश** को स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक द्वारा ही जमा करना होगा। कृषि विज्ञान केन्द्र निर्धारित आवेदन की अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं करेगा।
c) अभ्यर्थियों द्वारा जिस पद हेतु आवेदन किया जा रहा है उसका विवरण आवेदन पत्र के लिफाफे के शीर्ष दाएं कोने पर स्पष्ट रूप से रेखांकित किया हुआ पद नाम का उल्लेख किया जाना अनिवार्य है।
d) सेवारत उम्मीदवार को उचित माध्यम से आवेदन करना अनिवार्य है। उनका आवेदन उचित माध्यम से अंतिम तिथि (समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशन के 30 दिनों तक) के भीतर कृषि विज्ञान केन्द्र, धौरा, उन्नाव में पहुंच जाना चाहिए।

**11. आवेदन की अन्तिम तिथि तक निर्धारित आयु सीमा :– 18 से 30 वर्ष।** (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/शारीरिक विकलांगता (SC/ST/OBC/PH) वर्ग के अभ्यर्थियों को भारत सरकार के नियमानुसार आयु में छूट देय होगी।) आयु की गणना आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख से होगा।

**12. चयन प्रक्रिया :–**

a) चयन, लिखित परीक्षा के स्कोर के आधार पर किया जाएगा।
b) Shortlisting सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित मानदंडों पर आधारित होगी। पहले चरण में आयु, शैक्षिक योग्यता और अनुभव (जहाँ भी आवश्यक हो) के संबंध में न्यूनतम पात्रता को पूरा करने वाले सभी उम्मीदवारों को Shortlist किया जाएगा। तदोपरान्त कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा आवेदको को लिखित परीक्षा के आधार पर निम्नानुसार Shortlist किया जाएगा।

**प्रोग्राम असिस्टेंट (लैब टेक्नीशियन)/टी4 एवं फार्म मैनेजर)/टी4 के पदों हेतु लिखित परीक्षा का विवरण (समय 2.0 घंटे और अधिकतम 450 अंक)**

| क्र. स. | इकाई | पाठयक्रम | प्रश्नों की संख्या | कुल/अधिकतम अंक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | विषय सम्बन्धी वस्तु | विज्ञापन में दी गयी योग्यता के अनुसार संबंधित विषय के वस्तुनिष्ठ प्रश्न (स्नातक स्तर) | 100 | 300 |
| 2 | सामान्य ज्ञान, तार्किक अभिक्षमता और भाषा | विज्ञापन में दी गयी योग्यता के अनुसार संबंधित विषय के वस्तुनिष्ठ प्रश्न (स्नातक स्तर) | 50 | 150 |
| | **अधिकतम अंक** | | **150** | **450** |

**टिप्पणी:**

क) प्रत्येक प्रश्न के सही उत्तर के लिए 3 अंक दिया जायेगा और प्रत्येक गलत उत्तर के लिए कुल अंक से 1 अंक काटा जायेगा।

ख) यदि दो या दो से अधिक उम्मीदवारों ने लिखित परीक्षा में समान रैंक/अंक प्राप्त किये है, तो चयन के लिए प्राथमिकता उनकी जन्म तिथि के आधार पर तय की जाएगी।

ग) लिखित परीक्षा में प्राप्तांक के आधार पर बनायी गयी अंतिम वरीयता सूची के आधार पर चयन किया जायेगा।

**13. लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा के समय, यदि कोई अभ्यर्थी निम्नलिखित में दोषी पाया जाता है (या पाया गया है) :–**

क) परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों का प्रयोग करना या

ख) किसी व्यक्ति द्वारा प्रतिरूपण करना या प्रतिरूपण कराना या

ग) परीक्षा हॉल में दुर्व्यवहार करना या प्रश्न – पुस्तिका या उसका कोई भाग/उत्तर पत्रक परीक्षा कक्ष से बाहर ले जाना या

घ) चयन के लिए अपनी उम्मीदवारी के संबंध में अभ्यर्थी द्वारा किसी भी प्रकार के अनियमित/अनुचित साधनों का सहारा लेना।

**14. अपनी आवेदकता/उम्मीदवारी हेतु किसी भी अनुचित तरीके के प्रयोग पर, ऐसा अभ्यर्थी स्वयं पर आपराधिक मुकदमा चलाने के लिए उत्तरदायी होने के साथ ही निम्नलिखित के लिये भी उत्तरदायी हो सकता है–**

क) उस परीक्षा से अयोग्य घोषित किया जाना, जिसके लिए वह एक आवेदक है।

ख) कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा आयोजित किसी भी परीक्षा या भर्ती के लिए या तो स्थायी रूप से या एक निदिष्ठ अवधि के लिए वंचित किया जाना।

ग) सेवा की समाप्ति, यदि वह पूर्व से ही सेवा में है।

15. लिखित परीक्षा की तिथि से संबंधित जानकारी कृषि विज्ञान केन्द्र की वेबसाइट https://unnao.kvk4.in/ पर उपलब्ध होगी। आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे जानकारी के लिए नियमित रूप से कृषि विज्ञान केन्द्र की वेबसाइट देखते रहें ।

16. कृषि विज्ञान केन्द्र की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी को जनसूचना अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत अभ्यर्थी को प्रदान नहीं किया जायेगा। कृषि विज्ञान केन्द्र की वेबसाइट पर अपलोड की गई जानकारी केवल एक विशिष्ट अवधि के लिए ही रहेगी। इसलिए अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे जानकारी डाउनलोड कर भविष्य के लिये संरक्षित कर लें। भर्ती प्रक्रिया के बीच में न तो जनसूचना अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत किसी भी आवेदन पर विचार किया जाएगा और न ही कोई जानकारी उपलब्ध करायी जाएगी। अंतिम परिणाम घोषित होने के बाद ही जनसूचना अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत तथ्यात्मक जानकारी प्रदान की जाएगी। अनुमानित प्रश्न का उत्तर प्रदान नहीं किया जाएगा।

17. आवेदक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों की स्वीकृति सक्षम प्राधिकारी के सत्यापन के अधीन होगी, यदि नियुक्ति से पहले या बाद में काई भी दस्तावेज असत्य/नकली/गलत/दोषपूर्ण पाया जाता है, तो दस्तावेज को प्रारम्भिक तौर पर खारिज कर दिया जाएगा तथा संबंधित अभ्यर्थी के खिलाफ कृषि विज्ञान केन्द्र प्रशासन द्वारा कार्यवाही शुरू की जा सकती है। जिसमें अभ्यर्थी की नियुक्ति को निरस्त भी किया जा सकता है।

18. उम्मीदवार की नियुक्ति सक्षम प्राधिकारी द्वारा चरित्र, पूर्ववृत्त और जाति प्रमाण पत्र के सत्यापन के अधीन होगी। जब तक चरित्र, पूर्ववृत्त एवं जाति प्रमाण पत्र की सत्यापन रिपोर्ट प्राप्त नहीं हो जाती, तब तक नियुक्ति अस्थायी मानी जायेगी। यदि उम्मीदवार का आचरण, चरित्र, पूर्ववृत्त और जाति प्रमाण पत्र आदि के संबंध में रिपोर्ट असंतोषजनक पाई जाती है या विफल रहती है, तो नियुक्ति तत्काल रद्द/समाप्त कर दी जाएगी।

19. सेवा शर्तें एवं अधिवर्षिता (रिटायरमेन्ट) की आयु भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के दिशानिर्देश के नियमानुसार होगी।

20. चयन प्रक्रिया में असावधानीवश हुई किसी त्रुटि के मामले में, जो नियुक्ति पत्र जारी होने के बाद भी किसी भी स्तर पर पता चल सकता है, कृषि विज्ञान केन्द्र उम्मीदवारों को किए गए किसी भी संचार को संशोधित/वापस लेने/रद्द करने का अधिकार रखता है।

21. सरकारी/अर्ध–सरकारी संगठनों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/स्वायत्त निकायों में कार्यरत आवेदकों को दस्तावेजों के सत्यापन के समय अपने वर्तमान नियोक्ता से **"अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC)"** लाना होगा, ऐसा न करने पर उनकी उम्मीदवारी/चयन रद्द किया जा सकता है।

22. किसी भी रूप में सिफारिश करने से उम्मीदवारी रद्द हो सकती है।

23. किसी भी खंड या नियमों के संबंध में कोई अस्पष्टता की स्थिति में कृषि विज्ञान केन्द्र का निर्णय अंतिम होगा।

24. उम्मीदवार द्वारा प्रदान की गई अमान्य गलत ई–मेल आईडी/मोबाइल नम्बर के कारण या किसी भी जानकारी की देरी/गैर प्राप्ति के कारण, यदि कोई उम्मीदवार ससमय अपने ईमेल/वेबसाइट तक पहुंचने में विफल रहता है, तो कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा भेजे गए अप्राप्त ई–मेल के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

25. आवेदकों को स्पष्ट रूप से ध्यान देना चाहिए कि कृषि विज्ञान केन्द्र किसी भी मामले में उनके आवेदन को जमा न करने की स्थिति में या देर से प्राप्त होने की स्थिति में जिम्मेदार नहीं होगा। अंतिम तिथि के बाद आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

26. चयन के समय शैक्षणिक योग्यता, अनुभव प्रमाण पत्र आदि का मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

27. आवदेनकर्ता का स्वास्थ्य अच्छा होना चाहिए। उसे इस तरह की चिकित्सा परीक्षा से गुजरने के लिए तैयार रहना होगा और आवश्यकता पड़ने पर ऐसे चिकित्सा प्राधिकरण को संतुष्ट करना होगा।

28. निम्नलिखित श्रेणियों के अंतर्गत आने वाले अभ्यर्थी केवीके में किसी भी पद के लिए आवेदन करने के पात्र नहीं होंगेः–

(क) जिन्हें किसी भी न्यायालय द्वारा किसी भी आपराधिक मामले में दोषी ठहराया जा चुका है या जिनके खिलाफ कोई आपराधिक मामला न्यायालय में विचाराधीन है।

(ख) जो भारत का नागरिक नहीं है।

(ग) सरकार/DARE/भाकृअनुप/विश्वविद्यालय आदि द्वारा समय–समय पर नियुक्ति के लिए घोषित अयोग्य व्यक्ति।

29. कृषि विज्ञान केन्द्र के कार्यालय में आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि .............................. के (सायं 5.00 बजे) तक होगा।

30. इस विज्ञापन का शुद्धिपत्रक या परिशिष्ट या निरस्तीकरण यदि कोई होगा वो केवल कृषि विज्ञान केन्द्र की वेबसाइट https://unnao.kvk4.in/ पर प्रकाशित किया जाएगा और इसे समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जाएगा। इसलिए आवदेनकर्ता को सलाह दी जाती है कि वे के0वी0के0 की वेबसाइट को नियमित रूप से देखते रहें।

31. लिखित परीक्षा में भाग लेने के लिए किसी भी आवेदनकर्ता को यात्रा भत्ता/महंगाई भत्ता (TA/DA) का भुगतान नहीं किया जाएगा।

**32. आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न किए जाने चाहिएः**

अ) एक नवीनतम रंगीन पासपोर्ट आकार का स्वप्रमाणित फोटो आवेदन पत्र पर चिपकाया जाना चाहिए।

ब) स्वास्थ्य प्रमाण पत्र (संलग्नक–1 के अनुसार)

स) कार्मिक कार्यालय से प्रमाणन (सेवारत उम्मीदवार के लिए)। (संलग्नक–2 के अनुसार)

द) आरक्षण प्रमाणपत्र (यदि लागू हो)।

द) प्रशंसापत्र, प्रतिलेख, प्रमाण पत्र, डिग्री आदि सहित आवश्यक योग्यत्ता के प्रमाण पत्रों की स्व प्रमाणित प्रतियां।

य) अन्य सहायक दस्तावेज।

**33. सत्यापन के समय लाए जाने वाले दस्तावेजः**

1. सभी मूल प्रमाण पत्र/दस्तावेज/ प्रशंसापत्र/संबंधी शैक्षिक योग्यता एवं अन्य उल्लिखित दस्तावेज और इन सभी प्रमाणपत्रों/दस्तावेजों/प्रशंसापत्रों की स्व–सत्यापित प्रतियों की एक प्रति।
2. ऐसे अभ्यर्थी जिन्होनें अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछडा वर्ग/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS)/दिव्यांग जन के रूप में आरक्षित श्रेणी के पद पर आवेदन किया है, को सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रोफार्मा में निर्गत नवीनतम जाति प्रमाण पत्र जिसमें आवेदक की जाति स्पष्ट रूप से लिखी हो को प्रस्तुत करना होगा।
3. सेवारत अभ्यर्थियों को अपने वर्तमान नियोक्ता से निर्गत अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC)।

**34. आवेदन की अस्वीकृत होने के संभावित कारणः–**

1. यदि कोई उम्मीदवार किसी एक पद के लिए एक से अधिक आवेदन करता है।
2. यदि आवेदन निर्धारित प्रारूप में नहीं है।
3. यदि आवेदन अहस्ताक्षरित/अपूर्ण है।
4. यदि अनुभव प्रमाण पत्र प्राप्त प्रतिमाह वेतन के विवरण के बिना है।
5. यदि कृषि विज्ञान केन्द्र में अंतिम तिथि के बाद आवेदन पत्र प्राप्त होता है।
6. यदि किसी उम्मीदवार के पास अंतिम तिथि पर अपेक्षित शैक्षणिक योग्यता नहीं है।
7. यदि उम्मीदवार अंतिम तिथि को कम/अधिक आयु का है।

**35. नकली/अमान्य संस्थान :** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC), नई दिल्ली द्वारा नकली/अमान्य संस्थान घोषित किसी भी संस्थान से डिग्री या डिप्लोमा या प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी विज्ञापित पदों पर भर्ती के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे।

**संक्षिप्त नामः** SC– अनुसूचित जाति, ST –अनुसूचित जनजाति, OBC –अन्य पिछड़ा वर्ग, केवीके–कृषि विज्ञान केन्द्र, UR– अनारक्षित, EWS–आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, PH–दिव्यांगजन, भाकृअनुप–भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, DARE–कृषि शोध एवं शिक्षा विभाग।

प्रभारी, वी0के0एस0 कृषि विज्ञान केन्द्र,
धौरा, उन्नाव